DIGITAL - EPAPER

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 107 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## सूदखोर भाजपा नेता दिलीप गुर्जर गिरफ्तार, लंबे समय से कर रहा था जबरन वसूली

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(पेसवानी)।** ब्याजखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शाहपुरा थाना पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सूदखोर भाजपा नेता दिलीप गुर्जर को गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से लोगों को ऊंचे ब्याज दर पर रुपये उधार देकर न केवल उनसे जबरन वसूली करता था, बल्कि उनकी संपत्तियों पर कब्जा करने की कोशिश भी करता रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही पांच प्रकरण दर्ज हैं और सभी में अनुसंधान जारी है। भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जिलेभर में ब्याजखोरों व माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य , वृताधिकारी ओमप्रकाश के सुपरविजन और थानाधिकारी सुरेशचंद्र के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। लगातार तलाश के बाद टीम ने आरोपी को दबोच लिया। पीड़ित गोविंदराम लुहार पुत्र देबी लाल लुहार निवासी रायपुर ने थाना शाहपुरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया था कि आरोपी दिलीप गुर्जर ऊंचे ब्याज दर पर रुपये उधार देकर जबरन वसूली करता है और ब्याज की रकम समय पर न देने पर संपत्ति हड़पने की कोशिश करता है। मामले की जांच सउनि गोपाललाल को सौंपी गई, जिसमें यह सामने आया कि आरोपी पहले भी कई लोगों से इसी तरह की ठगी कर चुका है।




आरोपी की गिरफ्तारी में थानाधिकारी सुरेशचंद पु.नि., सउनि गोपाललाल, कानि. बनवारीलाल, सूर्यवीर, महेंद्र सिंह, रामरतन और बदन सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी की पहचान दिलीप गुर्जर पुत्र भंवरलाल गुर्जर, उम्र 47 वर्ष, निवासी शाहपुरा के रूप में की है।

थाना प्रभारी सुरेशचंद्र ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और संभावना है कि और भी पीड़ित सामने आएंगे। शाहपुरा क्षेत्र में लंबे समय से ब्याजखोरी और जबरन वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। ऐसे में इस गिरफ्तारी को आमजन बड़ी राहत मान रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जिलेभर में ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाएगी ताकि आमजन को माफियाओं और सूदखोरों से निजात दिलाई जा सके।

## सहकारिता सदस्यता अभियान का आगाज़, महिलाओं-युवाओं को जोड़े जाने का लक्ष्य



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रदेश में सहकारिता को सुदृढ़ बनाने के लिए 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांस्टीट्यूशन क्लब में इसका औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता में कई ऐसे रावण हैं, जिन्हें समाप्त करना जरूरी है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने सहकारी संस्थाओं को केवल अपने लोगों तक सीमित रखा और भ्रष्टाचार का माध्यम बनाया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार सहकारिता की शक्ति से राज्य की प्रगति को नया आयाम दे रही है। अभियान के दौरान लगभग 8,300 पैक्स स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें पांच विभागीय गतिविधियां संचालित होंगी। इस योजना का लक्ष्य सहकारी समितियों की संख्या में 10 प्रतिशत वृद्धि करना है।

गांधी जयंती के अवसर पर राज्यपाल बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित की। सचिवालय और गांधी सर्किल पर रामधुनि का आयोजन किया गया।

## बिजोलिया दशहराः 51 फीट रावण का भव्य दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का दृश्य देखने उमड़ी भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नगर में दशहरा पर्व बड़े गुरुवार को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान पलकी नदी के किनारे दशहरा मैदान में उमड़ी भारी भीड़ ने रावण दहन का आनंद लिया और असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक देखा।

नगर पालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण 51 फीट ऊंचा रावण और 31-31 फीट के मेघनाथ व कुंभकरण के पुतले रहे । रावण की टिमटिमाती आंखें, पेट में चलता चक्र और तलवार से निकलती आग ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। शाम 8.30 बजे रामबाण से रावण की नाभि में तीर साधा गया, और देखते ही देखते विशाल पुतला 15 मिनट में राख में बदल गया। पलकी नदी पर हुई रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने माहौल को और भी मनमोहक बना दिया।

दशहरे के मौके पर नगर पालिका ने चारभुजा नाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए दशहरा मैदान में पहुँची। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर प्रभु राम का अभिनंदन किया और राम दरबार का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, पंचायत समिति सदस्य हितेन्द्र राजौरा, पूर्व पालिका अध्यक्ष पूजा चन्द्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।








## विधानसभा में जासूसी कैमरा विवादः विपक्ष ने राष्ट्रपति से मुलाकात का किया आग्रह

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



विधानसभा में एक्स्ट्रा कैमरे लगाने के मामले ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और विधायकों की गरिमा पर सवाल खड़ा कर दिया है। इस विवाद के चलते विपक्ष ने राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि यह घटना केवल विपक्षी विधायकों की निजता का उल्लंघन ही नहीं, बल्कि जनता के विश्वास के साथ भी खिलवाड़ है।

जूली ने बताया कि विपक्ष ने पहले ही राज्यपाल से मिलकर पूरे प्रकरण की जानकारी दी थी और निष्पक्ष कार्रवाई की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्थाएं संसद और विधानसभाएं यदि संदेह और जासूसी के वातावरण का शिकार बनेंगी, तो यह पूरे देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट किया कि विपक्ष इस लड़ाई को लोकतंत्र और जनता के हित में अंत तक जारी रखेगा। किसी भी सूरत में विधायकों की गरिमा और संवैधानिक मूल्यों को ठेस नहीं पहुँचने दी जाएगी।

## खेत में मिला 12 फीट लंबा अजगर, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

**राज सुथार ।** क्षेत्र के एक खेत में उड़द की फसल काटते समय किसानों की नजर 12 फीट लंबे अजगर पर पड़ी। अचानक खेत में अजगर दिखने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार किसान अशोक जांगीड़ के खेत पर काम कर रही नारायणी व कमला सुथार को फसल काटते वक्त अजगर दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। वनपाल लोकेंद्र सिंह ने सूचना पर तुरंत टिम को भेजा । वनरक्षक सरिता धाकड़ के नेतृत्व में लक्ष्मण सुथार, शंभु मीणा, कालु मीणा व बालु धाकड़ मौके पर पहुंचे। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ा और बाद में मेनाल जंगल में छोड़ दिया। ग्रामीणों ने समय पर कार्रवाई करने पर वन विभाग टीम का आभार जताया।

## 5,000 रुपये का इनामी वांछित अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

डीएसटी और साइबर टीम ने फरार चल रहे 5,000 रुपये के इनामी वांछित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । आरोपी दो साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया की 2022 में भगवान बलाई, पिता दुर्गा लाल, निवासी लाल का खेड़ा, शक्करगढ़ और अन्य 10 अभियुक्तों ने थाना सर्कल से गुजर रही आईओसी पाइपलाइन पश्चिमी क्षेत्र, चित्तौड़गढ़ में तोड़फोड़ कर डीजल चोरी का प्रयास किया था। इसको लेकर पुलिस ने मामला दर्ज किया। जिसमे फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी पर 5,000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था गठित पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश के लिए जहाजपुर और आसपास के इलाकों में लगातार निगरानी रखी और उसे डिटेन कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।



'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# ग्राम सभा का हुआ आयोजन, चारागाह विकास प्राथमिकता



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। कस्बे में गुरुवार को ग्राम पंचायत प्रशासक किशनलाल जाट की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन योजनाएं, महात्मा गांधी नरेगा की वार्षिक योजना और स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने चारागाह में जरझरी और विलायती बंबूल हटाकर चारा विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया गया कि चारागाह का सुधार और विकास कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाएगा, ताकि पशु पर्याप्त चारा पाकर स्वास्थ्यपूर्ण रहें और ग्रामीणों को लाभ हो।

# भैंस चोरी का आरोपी दबोचा , दो भैंस बरामद, मास्टरमाइंड फरार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी।** थाना पुलिस ने पशु चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो भैंस बरामद कर ली हैं। जबकि वारदात का मुख्य आरोपी अब भी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

थाना अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि मुकेश कुमार खारोल निवासी कल्याणपुरा ने रिपोर्ट दी थी कि 23 सितंबर को उसकी दो भैंस और एक बछड़ी चरागाह से चोरी हो गई थी। तलाश के दौरान सूचना मिली कि उसके पशु आमली बारेठ निवासी मुकेश गुर्जर के नोहरे में बंधे हैं।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी मुकेश गुर्जर को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी की गई दो भैंस बरामद कर ली गई।



आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

थाना अधिकारी ने बताया कि चोरी हुई एक अन्य बछड़ी और मुख्य आरोपी बंटी गुर्जर निवासी रहड़ की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि बंटी इस वारदात का मास्टरमाइंड है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पूरे गिरोह का पर्दाफाश होने की संभावना है।

# गांधी जयंती पर जिला मुख्यालय पर विविध कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में गांधी की प्रतिमा पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अधिकारी-कर्मचारी और आमजन ने पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों को याद किया गया। रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए और ईश्वर अल्लाह तेरो नाम जैसे भजनों की सामूहिक प्रस्तुति से वातावरण भावविभोर हो गया।

नगर विकास न्यास, महात्मा गांधी अस्पताल और अन्य संस्थानों में भी संगोष्ठी और पुष्पांजलि सहित कार्यक्रम आयोजित किए गए। एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, सचिव नगर विकास न्यास ललित गोयल, उपखंड अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# प्लास्टिक थैली लाओ, शक्कर ले जाओ अभियान का हुआ शुभारंभ



भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास

ग्राम पंचायत में गुरुवार को प्लास्टिक थैली लाओ, शक्कर ले जाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधान करण सिंह बेलवा, विकास अधिकारी रामबिलास मीणा और सरपंच धापूदेव लक्ष्मण गाडरी की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भामाशाहों के सहयोग से 121 किलो शक्कर जुटाई गई, और पहले दिन ग्रामीणों ने 25 किलो प्लास्टिक कचरा जमा कर बदले में उतनी ही शक्कर पाई। शुरुआत में ही 145 ग्रामीणों ने स्वच्छता की शपथ ली। अभियान के तहत स्कूल के बच्चों को प्लास्टिक लाने पर पेन और नोटबुक भी वितरित की जाएगी।

प्रधान करण सिंह ने कहा कि उदलियास को पूरी तरह कचरा व प्लास्टिक मुक्त बनाना प्राथमिकता है, खासकर गली-मोहल्ला और धर्माऊ तालाब क्षेत्र। ब्लॉक अधिकारियों ने ग्रामीण व्यापारियों को चेतावनी दी कि प्लास्टिक थैली के उपयोग पर ?1000 जुर्माना लगाया जाएगा।

अभियान के दौरान आभा जनजाति एवं आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ भी किया गया, जिससे पंचायत स्तरीय पारदर्शिता और त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा।

# आरसी व्यास कॉलोनी में 15.28 करोड़ की लागत से बनेगा बहुउद्देशीय कन्वेंशन सेंटर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर में आधुनिक बहुउद्देशीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। आरसी व्यास कॉलोनी स्थित स्थल पर सांसद दामोदर अग्रवाल और जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने विधिवत भूमि पूजन किया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, नगर विकास सचिव ललित गोयल, ओएसडी चिमन लाल, अधीक्षण अभियंता राजू बडारिया समेत अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



कन्वेंशन सेंटर के लिए राज्य सरकार ने 15.28 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी की है। निर्माण कार्य हेतु मैसर्स पवन कुमार जैन को 1453.02 लाख का कार्यादेश मिला है। परियोजना को 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्मित होने पर यह केंद्र भव्य बैंकेट लॉन, मल्टीपरपज हॉल, एसी रूम्स, सूट रूम, 50 सीट क्षमता वाला कॉन्फ्रेंस रूम, रिसेप्शन और वेटिंग लाउंज जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर शहर की सांस्कृतिक, सामाजिक और औद्योगिक गतिविधियों को नई दिशा देगा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा।

# नगर पालिका ने बेसहारा पशुओं को पहनाए फ्लुरोसेंट कॉलर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर पालिका ने अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस को गौसंरक्षण के साथ मनाया। कार्यक्रम में अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल और जनप्रतिनिधियों ने गांधीजी और शास्त्रीजी को श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद नगर पालिका ने बेसहारा गौवंश को फ्लुरोसेंट कॉलर पहनाकर सड़क हादसों से बचाव का संदेश दिया। राजेश बंजारा ने लोगों से सामाजिक संस्थाओं और गौप्रेमियों के सहयोग की अपील की।



अधिशाषी अधिकारी मंगल ने बताया कि अब तक 300 से अधिक गायों को कॉलर पहनाया जा चुका है और ऐसे परिवारों की पहचान करना जरूरी है जो पशुओं को सड़क पर छोड़ देते हैं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार बंजारा, शिव चन्द्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# गांधी और शास्त्री जयंती पर भाजपा ने पुष्पांजलि अर्पित कर चलाया स्वच्छता अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

भारतीय जनता पार्टी ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि, संगोष्ठी और स्वच्छता अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम जिला संगठन के जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में और स्वच्छता अभियान संयोजक मुकेश शर्मा देबू, शास्त्री मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, पार्षद उदयलाल तेली एवं पूर्व सभापति एवं जिला उपाध्यक्ष मंजू चेचाणी की उपस्थिति में कोटा रोड स्थित बड़लेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण



में सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने गांधी और शास्त्री के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। स्वच्छता अभियान की जानकारी मुकेश शर्मा ने दी और सहसंयोजक इंदु टांक ने आभार व्यक्त किया। इसके बाद मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चला।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अविनाश जीनगर, विशाल गुरुजी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, सुरेंद्र सिंह मोटरस, ललिता कंवर, आरती कोगटा, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता सोलंकी, महावीर समदानी, नागेन्द्र सिंह राव, पंकज प्रजापत, रामसिंह शक्तावत, तरुण सोमानी, हरीश सालवी, मुकेश शर्मा, यशोवर्धन सेन, मुकेश चेचाणी, मोहिनी माली, अनीता आर्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# रेडवास में जीएसएस का निर्माण कार्य शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण

**दिनेश पारीक ।** जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र की रेडवास पंचायत में ग्रामीणों के लिए बड़ी सौगात मिली है। बजट घोषणा के तहत राजस्थान विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा रघुनाथपुरा में 33/11 केवी का नया ग्रामीण सब स्टेशन जीएसएस स्थापित किया जा रहा है। जिला कलेक्टर से स्वीकृति के बाद भूमि आवंटन और निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। करीब 2.10 हेक्टेयर भूमि पर 2500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बनने वाला यह सब स्टेशन रेडवास सहित आसपास के 33 गांवों को



नियमित और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। इससे किसानों को फसल सिंचाई के समय बिजली कटौती से राहत मिलेगी और वोल्टेज समस्या भी दूर होगी।

ग्रामीणों ने कार्य शुरू होने पर विधायक गोपीचंद मीणा, प्रधान करण सिंह कानावत सहित जनप्रतिनिधियों और भाजपा नेता बद्रीलाल जाट का आभार जताया।



## QUICK BITES

### कुमावत समाज ने निकाली भव्य वाहन रैली, राष्ट्र जागरण का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**पेसवानी।** राष्ट्र नवमी पर कुमावत समाज युवा संगठन ने राष्ट्र जागरण अभियान के तहत भव्य वाहन रैली निकाली। रैली धनोप माताजी से शुरू होकर कई गांवों से होते हुए धनेश्वर महादेव मंदिर तक पहुंची, जहां समाजजनों ने पुष्पवर्षा और जलपान से स्वागत किया।

रैली में भगवान सत्यनारायण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। डीजे की धुन पर युवा भजनों पर झूमते हुए चले और समाज जागरण के साथ राष्ट्र जागरण का संदेश दिया। धनेश्वर पहुंचने पर विशाल आमसभा हुई, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. सत्यनारायण कुमावत ने कहा कि सामाजिक एकता से ही राष्ट्र मजबूत बनता है। डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने शिक्षा, संस्कार और सेवा को श्रेष्ठ समाज की नींव बताया।

सभा में समाज की विभूतियों का सम्मान किया गया और अंत में महाप्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बीगोद व खटवाड़ा में सहकारी कर्मचारियों ने सदस्यता अभियान का किया बहिष्कार

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।




राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर भीलवाड़ा जिले की ग्राम सेवा सहकारी समितियों में कार्मिकों ने 2 अक्टूबर को सदस्यता अभियान का बहिष्कार किया। इसमें मांडलगढ़ शाखा के खटवाड़ा और बीगोद की समितियों के कर्मचारी भी शामिल रहे। कार्मिकों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में समितियां बंद रखीं और उपखंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांगों में 2017 से पूर्व नियुक्त कर्मचारियों का नियमितीकरण, सेवाओं का संशोधन, ग्राम सेवा सहकारी समिति सेवा नियम 2022 में संशोधन और रिक्त पदों पर नियुक्ति की माँग की गई है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# परशुराम सर्किल पर 8.5 फीट ऊँची प्रतिमा बनी नगर का नया आकर्षण

## 3 से 5 अक्टूबर तक होगा प्रतिष्ठा महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**पेसवानी ।** भीलवाड़ा रोड स्थित परशुराम सर्किल पर गुरुवार को भगवान श्री परशुराम की 8.5 फीट ऊँची और लगभग 4 टन वजनी प्रतिमा की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ की गई। मूर्तिकार अनूप शर्मा एवं प्रकाश शर्मा द्वारा तैयार की गई यह प्रतिमा नगर का नया धार्मिक और सांस्कृतिक आकर्षण बन गई है और मेवाड़ क्षेत्र में अपनी तरह की पहली प्रतिमा है।

प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 3 से 5 अक्टूबर तक आयोजित होगी। महोत्सव के समापन पर अखिल भारतीय निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर अनंतविभूति जगद्गुरु श्रीजी महाराज एवं श्री श्याम शरण देवाचार्य महाराज




के सानिध्य में कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में प्रतिमा का पूजन और अभिषेक किया गया। इस दौरान समाजबंधु और नगरवासी जय परशुराम के उद्घोष से माहौल को श्रद्धा और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम में सुखवाल समाज अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा, दाधीच समाज अध्यक्ष धीरज शर्मा, पाराशर समाज के वरिष्ठ नेता एवं सर्व ब्राह्मण समाज के भीलवाड़ा जिला उपाध्यक्ष विनोद पाराशर, विप्र सेना की कार्यकारिणी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान हवन-पूजन, सहस्त्रधारा अभिषेक, भजन-कीर्तन और सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम आयोजित होंगे। 5 अक्टूबर को सुबह से कलश शोभा यात्रा और दोपहर में प्रतिमा का भव्य अनावरण व महाआरती होगी।

ब्राह्मण समाज के नेताओं ने कहा कि प्रतिमा स्थापना से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ेगी और यह शाहपुरा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक बनेगी। बाहरी जिलों और राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में शामिल होंगे।

# शाहपुरा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण, एडीएम कुमावत ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

## नए भवन का तत्काल संचालन, ग्रामीण क्षेत्रों में पोस्टमार्टम सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**पेसवानी ।** नवनियुक्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामावतार कुमावत ने शाहपुरा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया और स्टाफ के साथ बैठक कर राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप रोगी सेवा के निर्देश दिए। एडीएम कुमावत ने लगभग 30 करोड़ की लागत से बने नए चिकित्सालय भवन के संचालन में हो रही देरी पर नाराजगी जताई और तत्काल भवन को चालू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने पीएमओ डॉ. अशोक जैन को



अजमेर व जयपुर में समन्वय स्थापित कर भवन का संचालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही, चिकित्सालय में ड्रेस कोड का पालन, मौसमी बीमारियों के लिए तैयारियाँ और रोगियों के प्रति अच्छा व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एडीएम कुमावत ने ग्रामीण क्षेत्रों में एमएलसी और पोस्टमार्टम की सुविधा सुधारने का भी निर्देश दिया। इसके तहत पीएचसी और सीएचसी पर उपलब्ध चिकित्सकों द्वारा ही यह सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। इसके अलावा, चिकित्सकों के रिक्त पदों की भर्तियों, सैनोग्राफी जाँच सुविधा चालू करने और रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने के लिए उच्च अधिकारियों से समन्वय करने के भी आदेश दिए गए।

एडीएम कुमावत ने कहा कि वह नए भवन में सभी स्वीकृत सुविधाओं के संचालन और राज्य सरकार की योजनाओं का समय पर लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# शस्त्र से ही शास्त्र की रक्षा होगी - सीताराम बाबा

## दशहरे पर हिंदू जागरण मंच ने किया शस्त्र पूजन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**पेसवानी ।** दशहरे के अवसर पर हिंदू जागरण मंच, शाहपुरा नगर ने उदयभान गेट स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। बड़ी संख्या में समाजबंधु, मातृशक्ति और नगरवासी उपस्थित रहे।महंत सीताराम बाबा ने कहा कि शस्त्र केवल आत्मरक्षा का साधन नहीं, बल्कि धर्म और संस्कृति की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने कहा शस्त्र से ही शास्त्र की रक्षा संभव है।

मुख्य अतिथि प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अन्याय और अधर्म के विनाश का संदेश है।

जिला संयोजक हनुमान धाकड़ ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को




जागरूक और समाज को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य और मातृशक्ति ने भागीदारी निभाई ।


# शाहपुरा में 50 फीट ऊंचे रावण का दहन, आतिशबाजी से गूंजा आसमान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी।** असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा गुरुवार को शहर में धूमधाम से मनाया गया। शाम को कंलीजरी गेट धरती देवरा स्थित दशहरा मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण का दहन मुख्य आकर्षण रहा। विशेष कारीगरों द्वारा लगभग एक लाख की लागत से तैयार पुतले में टिमटिमाती आंखें और मुंह से निकलती आग ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

भगवान श्रीराम की भूमिका निभा रहे कलाकार ने करीब 100 फीट दूरी से रामबाण चलाकर रावण का वध किया। पुतला देखते ही देखते धू-धू कर जल उठा और पांच मिनट में राख में बदल गया। इस दौरान आतिशबाजी ने आसमान को रोशन





कर दिया और मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।

इससे पूर्व राम, लक्ष्मण और हनुमान की भव्य सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दशहरा मैदान पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

आयोजन के दौरान रावण पुतले की वायरिंग में आई तकनीकी गड़बड़ी से एक क्षण के लिए अफरा-तफरी का माहौल भी बना, लेकिन टीम ने तुरंत स्थिति संभाल ली।

अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज से बुराइयों को मिटाने और अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# रावण का अभिमान टूटा , पुतलों का हुआ दहन

## कड़ी मशक्कत के बाद रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले जले, आतिशबाजी से गुंजा नगर



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

विजयादशमी के अवसर पर कस्बे में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार देर शाम नगर में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के तीनों पुतले आतिशबाजी के बीच दहन किए गए। कार्यक्रम से पूर्व नृसिंह द्वार से भव्य शोभायात्रा निकली, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। यहां अखाड़ों ने हैरतअंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। दहन समारोह में विधायक गोपाल खंडेलवाल, ईओ पंकज कुमार मंगल, बजरंग व्यायामशाला प्रमुख गोविंद सिंह कानावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

इस बार नवगठित नगर पालिका की ओर से तीनों पुतले तैयार करवाए गए थे। दहन के दौरान शुरुआत में पुतलों के सिर्फ पैर ही जले, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण का पूर्ण दहन किया गया। आतिशबाजी और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से देर रात तक नगर गुंजायमान रहा।

## राम ने किया रावण का वध, सैकेंडों में जलकर खाक हुआ अभिमान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विजयादशमी के अवसर पर सांगानेर दशहरा मैदान में रावण वध का भव्य उत्सव हुआ। पारंपरिक रीति के अनुसार भगवान चारभुजनाथ ने राम का रूप धारण कर रावण का वध किया। इस साल भी तीर चलाने की बजाय चांदी के सवा फीट लंबे भाले से रावण की नाभि पर प्रहार किया गया, जो सौ वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है।

शाम 6:20 बजे मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन कर शोभायात्रा का आगाज हुआ। इसके तुरंत बाद रावण के पुतले में आग



लगाई गई, और मात्र 60 सैकेंड में विशालकाय रावण खाक हो गया। सबसे पहले उसका सिर गिरा, जिससे दर्शकों में रोमांच और उत्साह चरम पर पहुंच गया।

## रावण दहन, नगर गुंजा जय श्रीराम के उद्घोष से



**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

विजयादशमी के अवसर पर नगर पालिका की ओर से भव्य रावण दहन का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक लादू लाल पितलिया ने भी शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत पंचतीर्थ बालाजी मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान और शिव की झांकियां शामिल थीं और पूरे नगर में उत्साह का माहौल बन गया। शोभायात्रा रायपुर रोड स्थित मिल गेट पर समाप्त हुई, जहां रावण के पुतले का दहन किया गया। आतिशबाजी और जय श्रीराम के उद्घोष से हजारों दर्शक रोमांचित हुए और नगर गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा।

## बुराई पर अच्छाई की जीत, चंद मिनटों में धू-धू जला रावण का अभिमान



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

सांवर वैष्णव । विजयादशमी का पर्व सवाईपुर, गेंदलिया और बड़लियास में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कस्बे में छोटे बच्चों ने 7 फीट का रावण बनाकर शाम 7 बजे उसका दहन किया। वहीं गेंदलिया में हनुमान मंदिर से निकली शोभायात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई बस स्टैंड स्थित मैदान पहुंची, जहां भगवान राम और रावण के युद्ध के बाद शाम 6:30 बजे 35 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इसी प्रकार बड़लियास में नवयुवक रामायण मंडल की ओर से निकाली गई शोभायात्रा के बाद विद्यालय प्रांगण में भगवान राम ने तीर मारकर रात 8:15 बजे रावण का दहन किया। तीनों ही जगह आतिशबाजी के बीच आसमान गूंज उठा और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण राममय हो गया।

## कोटड़ी में 41 फीट के रावण का भव्य दहन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक** । कस्बे के कागलिया मैदान में गुरुवार शाम दशहरा उत्सव पर 41 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। विशेष रूप से तैयार पुतला आंखें झपकाता और गर्दन हिलाता नजर आया, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

शाम को रघुनाथ मंदिर से बेवाण गाजे-बाजे और भजन मंडलियों के साथ मैदान पहुंचा। जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच पूजा-अर्चना के बाद शाम 7:30 बजे आतिशबाजी के बीच रावण दहन हुआ।

रावण का पुतला कारीगर सत्यनारायण वैष्णव ने तैयार



किया था। आयोजन ग्राम पंचायत प्रशासक कांता देवी डिडवानिया की देखरेख में हुआ। इस मौके पर पूर्व प्रधान जमनालाल डिडवानिया, चारभुजा नाथ मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रह्लाद सेन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह।** विजयादशमी पर कस्बे के गांधी चौक पर 32 फीट ऊंचे रावण का भव्य दहन हुआ। आतिशबाजी और जय श्रीराम के नारों से माहौल गूंज उठा। ग्राम पंचायत की ओर से सुरक्षा, सफाई व रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में प्रशासक रामपाल बलाई, सरपंच प्रतिनिधि




सत्यनारायण बलाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

## QUICK BITES

### पवन पहाड़िया को राष्ट्रीय बाल साहित्य सर्जक पुरस्कार

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा-**



**पेसवानी।** लोककवि और बाल साहित्यकार मोहन मंडेला की स्मृति में दिया जाने वाला राष्ट्रीय बाल साहित्य सर्जक पुरस्कार इस वर्ष नागौर के बाल साहित्यकार पवन पहाड़िया को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान 4-5 अक्टूबर को राजस्थान साहित्य अकादमी और विनायक विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में दिया जाएगा।

बाल वाटिका पत्रिका द्वारा शुरू किए गए इस पुरस्कार का चयन समिति ने पहाड़िया के साहित्यिक योगदान के आधार पर किया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष यह सम्मान उड़ीसा के विरंचीनारायण दास-कांताबाजी को मिला था। संगोष्ठी में बाल साहित्य की दशा-दिशा और नवसृजन पर विभिन्न सत्रों में चर्चा होगी।

### पथिक क्लब में नई कार्यकारिणी गठित, रवि सोनी बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**



सामाजिक गतिविधियों , खेल कूद और रचनात्मक कार्यों के लिए सक्रिय पथिक क्लब में गुरुवार को आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में रवि सोनी को क्लब का अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में दिनेश पालीवाल, मोहसिन खान और विशाल मेवाड़ा को उपाध्यक्ष, जबकि विकास राठौर को सचिव एवं शेखर चंदवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

बैठक में सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्लब की भावी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया गया।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार राव, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष




मुकेश कुमार खटीक, बाबूलाल नायक, मनीष टॉक, अंतिम शर्मा, विशाल तिवारी, रंजीत सिंह कानावत, गजराज सिंह सोलंकी, मुकेश बागड़ी सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मां दुर्गा युवा मंडल का गरबा महोत्सव सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

मां दुर्गा युवा मंडल द्वारा प्रताप सर्कल पर आयोजित गरबा महोत्सव का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी अभय सिंह शक्तावत, राजमल मेवाड़ा, नाथूलाल गुर्जर, पालिका पार्षद कालू गुर्जर और नगर के कई लोग मौजूद रहे।

बालिका वर्ग में फर्स्ट प्राइज पलक सोनी को मिला। छोटी बच्चो को भी आकर्षक उपहार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के सदस्य सूरज सांखला, मनोज टेलर, शुभम सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

वहीं, नगर में जगह-जगह स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का भव्य विसर्जन और शोभायात्रा निकाली गई। भक्तों ने पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ मां



दुर्गा को विदा किया। शोभायात्रा अंतर्राष्ट्रीय सवाई भोज मंदिर परिसर स्थित प्रेम सागर तालाब में वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ संपन्न हुई।

## रेसुदा काली घाटी में जल जीवन मिशन के बावजूद पानी की किल्लत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**(नरेश धाकड़)।** उपखंड क्षेत्र रेसुदा काली घाटी में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन होने के बावजूद ग्रामीणों को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पानी नहीं आने के कारण लोग सार्वजनिक टंकियों पर निर्भर हैं, जहां चार-पाँच दिन में केवल 15 मिनट पानी आता है।

ग्रामीण दीपक शर्मा ने बताया कि सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च करके




जल जीवन मिशन के जरिए घर-घर पानी की सुविधा का वादा किया था, लेकिन धरातल पर हकीकत अलग है। कई परिवारों ने शिकायतें की, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं मिला।

## शरद पूर्णिमा पर मंशा में फूलडोल महोत्सव व भजन संध्या का होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक** । शरद पूर्णिमा पर मंशा गांव में सोमवार को भव्य फूलडोल महोत्सव और विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। थीम एक शाम श्री मंशा श्याम के नाम रहेगी। कार्यक्रम में मां चामुंडा म्यूजिकल ग्रुप सिंहपुर चित्तौड़ के कलाकार पूरण गुर्जर, सीताराम बागडोली, आयुष आकोला भजनों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही काजल मेहरा, कृष्णा, पिंकी और सिमरन रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां देंगी।आयोजन में पूर्व राज्य मंत्री धीरज गुर्जर मुख्य अतिथि रहेंगे। आयोजन स्थल को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।